महामना शिक्षण संस्थान आवेदन प्रक्रिया (2024-25)

• निःशुल्क सुविधाएं:-

महामना शिक्षण संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क भोजन, आवास कंप्यूटर, इंटरनेट, आधुनिकतम पाठ्य सामग्री एवं कक्षा 11 एवं 12 की संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ-साथ Rubics Rosturm Coaching Institute द्वारा IIT(JEE)/NEET (PMT) की तैयारी कराई जाती है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, इसके अतिरिक्त IIT एवं मेडिकल के पूर्व छात्र जो वर्तमान समय में समाज में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं एवं विषय विशेषज्ञों तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा संस्थान के छात्र/छात्राओं का निरंतर मार्गदर्शन किया जाता है।

आवेदन हेतु अर्हताए :-

- केवल वे ही छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे जो हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2024 में 80% से ऊपर अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए है तथा कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले हैं |
- परिवार की वार्षिक आय (सभी स्रोतों से) **रुपए** 2,50000/-(**दो लाख पचास हजार रुपए**) से अधिक न हो I

संस्थान द्वारा निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया :-

- प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया **25 अप्रैल 2024** से संस्थान की वेबसाइटwww.mahamanasansthan.org पर उपलब्ध है I
- प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि **04 जून 2024** हैI
- प्रवेश परीक्षा हेतु प्राप्त आवेदनों में लिखित परीक्षा हेतु अर्ह छात्र/छात्राओं की सूची संस्थान की वेबसाइट पर दिनांक **06 जून 2024** तक जारी होगी I
- लिखित परीक्षा **दिनांक 10 जून 2024 दिन सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ में प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे** तक होगी I
- आवेदन पत्र ऑनलाइन ही भरे जाएंगे, अन्य किसी प्रकार से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगेI
- वेबसाइट पर जारी सूची में जिन छात्र/छात्राओं का नाम होगा वे ही परीक्षा में सम्मिलित हो पाएंगे I
- लिखित प्रवेश परीक्षा में कक्षा 9 व 10 स्तर की विज्ञान, गणित/जीव विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे| सभी छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा में सफल होने हेतु अच्छी तैयारी करके ही आएंI
- लिखित परीक्षा का सैंपल पेपर वेबसाइट पर सन्दर्भ हेतु उपलब्ध हैI

महामना शिक्षण संस्थान सी-91, निराला नगर लखनऊ उ0प्र0-226020

- ➢ नीट परीक्षा **2026** देने के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का जन्म **31 दिसंबर 2009** के बाद न हुआ हो I
- ➢ लिखित परीक्षा का परिणाम लिखित परीक्षा के 1 सप्ताह के भीतर वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा इसके पश्चात साक्षात्कार की तिथि, समय, स्थान वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा I
- ➢ साक्षात्कार के समय चयनित अभ्यर्थियों को नीचे लिखे अभिलेखों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा I
- ➢ साक्षात्कार में सफल छात्र / छात्राओं की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी I
- ➢ साक्षात्कार में सफल छात्र/छात्राओं के भौतिक सत्यापन हेतु संस्थान के सदस्यों द्वारा छात्र/छात्राओं के घर / परिवार का भौतिक मूल्यांकन करने के बाद सफल छात्र/छात्राओं की अंतिम लिस्ट वेबसाइट पर जारी की जाएगी I

आवश्यक प्रपत्रः– लिखित परीक्षा कक्ष में निम्नलिखित प्रमाण पत्रों के सत्यापित छायाप्रति के साथ लाना अनिवार्य है I

- वेबसाइट में भरे आवेदन पत्र का प्रिंट आउट
- कक्षा नौवी व, दसवीं बोर्ड परीक्षा की प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित मार्कशीट I
- कक्षा दसवीं का अंक प्रमाण पत्र (यदि बोर्ड ने जारी किया हो)
- आय प्रमाण पत्र (तहसीलदार द्वारा जारी)
- आधार कार्ड
- आपके क्षेत्र के दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा अनुशंसा पत्र
- अपनी पासपोर्ट साइज दो फोटो

नोटः–

- चयन संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया में संस्थान के चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम माना जाएगा I
- संस्थान में अंतिम रूप से चयनित विद्यार्थियों का व्यक्तिगत मोबाइल प्रयोग वर्जित है।

सम्पर्क सूत्र :

कैलाश चंद्र मिश्र
व्यवस्थापक
मो0 नः–9140859796
9628330347

पवन कुमार उपाध्याय
सह व्यवस्थापक
मो0 नः–8887683635
9451228804

विजय प्रकाश उपाध्याय
सह व्यवस्थापक
मो0 नः–9140020155
9450494747

महामना शिक्षण संस्थान
सी-11, निराला नगर लखनऊ उ0प्र0-226020
(भाऊराव देवरस सेवा न्यास)